# प्लास्टिक का उपयोग करने वालों से 38 किलो प्लास्टिक कैरिबैग जब्त की

**प्रतापगढ़** । केन्द्र/राज्य सरकार के निर्देशानुसार प्लास्टीक कैरीबेग प्रतिबंध के बावजुद भी कुछ व्यक्तियो द्वारा इसका उपयोग किया जा रहा है इसको रोकने हेतु आज नगर परिषद टीम द्वारा प्रषासन के सहयोग से प्लास्टिक जप्तीकरण की कार्यवाही की गई ।

इस संबंध में अधिक जानकारी देते हुए नगर परिषद आयुक्त जितेन्द्रकुमार मीणा ने बताया कि प्रतापगढ़ शहर के आमजन को प्लास्टिक के दुष्प्रभाव से बचाने के लिए देय निर्देषानुसार प्लास्टिक जप्तीकरण की कार्यवाही स्वास्थ्य निरीक्षक मनीष सिंगोलिया के सानिध्य में गठित टीम द्वारा जप्तीकरण की कार्यवाही गई है,जिसके तहत 07 व्यक्तियों के 1500 रू. के चालान काटे गये जिनसे करीबन 38 किलो प्लास्टीक जप्त की गई ।

परिषद द्वारा प्लास्टिक जप्तीकरण की कार्यवाही मे प्रभारी मनीष सिंगोलिया जमादार हसमुख चनाल,महेष टोपिया, सीताराम सरसिया,षीतल सिंगोलिया, सफाई कर्मचारी विकास बाहेती, तरूण दावरे,षैलेन्द्र, देवनारायण, मोहन मीणा,सोनू, पुलिस कॉन्सटेबल प्रभुलालजी की गठित टीम द्वारा कार्यवाही की गई, प्लास्टिक धरपकड की कार्यवाही निरन्तर प्रारम्भ रहेगी अतः समस्त व्यापारीगणो, दुकानदारो,आमजन से आग्रह है कि प्लास्टिक का उपयोग न करे व कपडे की थैलीयों का ज्यादा से ज्यादा उपयोग कर पर्यावरण को प्रदुषित होने से बचाने में अपना सहयोग प्रदान करे ।



प्लास्टीक कैरीबेग प्रतिबंध के बाद भी उपयोग लेने पर नगर परिषद टीम ने कार्रवाई कर प्लास्टिक जब्त किया।

## तेरापंथ धर्म संघ का स्थापना दिवस

**राजसमंद,** । प्रज्ञा विहार तेरापंथ भवन में साध्वी मंजूयशा के सान्निध्य में तेरापंथ धर्म संघ का 263वां स्थापना दिवस मनाया। कार्यक्रम की शुरूआत साध्वी के नमस्कार महामंत्र एवं श्रीपार्श्वनाथ भगवान की मंगल प्रस्तुति से किया। तेयुप मंत्री दिव्यांश कच्छारा, दीपक चोरडिया ने मधुर स्वर लहरी में गीत प्रस्तुत किया। साध्वी मंजुयशा ने अपने आराध्य आचार्य भिक्षु के प्रति श्रद्धा सुमन समर्पित करते हुए कहा कि तेरापंथ के आद्य प्रवर्तक आचार्य भिक्षु इस धरा पर एक सूर्य बनकर आए। उन्होंने दीक्षित होने के बाद शास्त्रों का गहन अध्ययन किया। वे महान व्यक्ति थे। महान वह होता है जो नए दर्शन के साथ नये युग में प्रवेश करता है। धर्म के क्षेत्र में क्रान्ति की लहर ले आता है। आचार्य भिक्षु को आषाढ शुक्ल पूर्णिमा वि.स.1817 में अंधेरी ओरी केलवा में एक नया आलोक मिला।

इस अवसर पर साध्वी चिन्मय प्रभा, साध्वी चारूप्रभा, साध्वी इन्दुप्रभा ने गीत, भाषण, कविता के माध्यम से अपनी भावनाओं की अभिव्यक्ति दी। पुनिता सोनी, खुशी तलेसरा आदि उपस्थित थे।

## गरीब बच्चों के लिए खाने की प्लेट बांटी

**निम्बाहेड़ा** । सब की सेवा सबको प्यार मिशन पर कार्यरत क्षेत्र की प्रमुख समाजसेवी संस्था महावीर इंटरनेशनल के वीरा केन्द्र पद्मिनी के तत्वावधान में नेहा फाउंडेशन ट्रस्ट, सूरत की ओर से राजकीय प्राथमिक विद्यालय पिपलिया कलां तहसील गगंरार में कंजर बस्ती के गरीब बच्चों को स्कूल में खाना खाने के लिए 80 प्लेट, 90 ग्लास, खाना बनाने के लिए चूल्हा-भट्टी, गैस का सिंगल चूल्हा, बिस्किट आदि वितरित किए गए।

इस अवसर पर चित्तौडग़ढ़ जोन चेयरपर्सन वीरा सरोज ढेलावत ने महावीर इंटरनेशनल की गतिविधियों के बारे में जानकारी देते हुए भविष्य में आवश्यकता पडऩे पर संस्था के माध्यम से फिर से मदद करने का आश्वासन दिया। इस अवसर पर ढेलावत ने कंजर बस्ती की लड़कियों को संस्था द्वारा चलाई जा रही कन्यादान योजना के बारे में अवगत करा कर कन्यादान करवाने का भी आश्वासन दिया। कार्यक्रम में वीरा संगीता जैन, अनिल सेठिया, रितु सेठीया, यशा सेठिया, भरत कुमार धाकड़, अरविंद कुमार, भगवती लाल सहित स्कूल स्टाफ मौजूद रहा।

## सार-समाचार

### छात्रों का सम्मान किया

**राजसमंद**। जिला मुख्यालय पर संचालित विद्या निकेतन माध्यमिक विद्यालय कांकरोली में गुरु पूर्णिमा पर संस्थान में छात्रों के बौद्धिक विकास एवं संस्कारों का बीजारोपण करने के भाव से कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। प्रारंभ में मुख्य यजमान राजेश खंडेलवाल तथा सुनीता खंडेलवाल के सानिध्य में मां सरस्वती के सम्मुख दीप प्रज्वलन कर ग्रह शांति पूर्वक यज्ञ का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला प्रमुख रतनीदेवी जाट, विशिष्ट अतिथि समाजसेवी माधव चौधरी, पूर्व सभापति अशोक रांका, साहित्यकार डॉ आनंद श्रीवास्तव, राकेश पगारिया, नंदलाल बाफना, वरिष्ठ कमलेश हिगड थे। छात्रा माधवी मिश्रा, रीना खींची के मार्गदर्शन में पोथी पूजन करवा कर अक्षरारंभ, विद्यारंभ संस्कार करवाया गया। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय का शत-प्रतिशत परिणाम देने वाले शिक्षकों को और 10उत्तीर्ण छात्रों का सम्मान किया गया। भारती संस्थान अध्यक्ष ललित साहू ने संबोधित करते हुए विद्यार्थियों के उत्तरोत्तर उन्नति करते रहने के लिए प्रेरित किया।

### खेलकूद के लिए रजिस्ट्रेशन शुरू

**उदयपुर** । राजस्थान राज्य क्रीडा परिषद द्वारा आयोजित किए जा रहे दिन राजीव गाधी ग्रामीण ओलम्पिक खेलकूद प्रतियोगिताओं के लिए उदयपुर जिले के रजिस्ट्रेशन फिर शुरू हो चुके हैं। जिला खेल अधिकारी शकील हुसैन ने बताया कि 29 अगस्त को खेल दिवस से आयोजित हो रही प्रतियोगिता के लिए पूर्व में जिले के कुल 197353 खिलाडियों के ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन हुए थे। अब जो खिलाडी पंजीयन करने से वंचित रह गये थे उन्हें राजस्थान राज्य क्रीडा परिषद द्वारा 31 जुलाई 2022 तक ऑनलाईन पंजीयन करने हेतु लिंक बनाया गया है जो वेबसाईट के लिंक 'डब्ल्यूडब्ल्यू डॉट पंचायत डॉट राजस्थान डॉट जीओवी डॉट इन/खेल महोत्सव/व्यू/प्लेरजिस्ट्रेशनरिमोट' पर कबड्डी, टेनिस बाल क्रिकेट, वालीबॉल, हॉकी, शूटिंगबाल (बालक वर्ग), खो-खो(बालिका वर्ग) में अपना पंजीयन कर सकते है।

### बिजली कटौती से ग्रामीण परेशान

**राजसमंद**,। जिला मुख्यालय के समीपवर्ती मोही कस्बे में पिछले 1 सप्ताह से अघोषित अनियमित बिजली कटौती से ग्रामीणों में आक्रोश है। गौरतलब है कि क्षेत्र में उम्मस को लेकर तेज गर्मी के चलते बिजली विभाग की ओर से हर रोज अघोषित दिनभर में रुक-रुक कर करीब 1० बार बिजली काटी जा रही है। बिजली बंद होने के कारण मच्छरों का भी प्रकोप काफी बढ जाता है। ऐसी स्थिति में रात्रि के समय ग्रामीणों को सोने में काफी परेशानी का सामना करना पडता है। ग्रामीणों ने विद्युत विभाग के अधिकारियों को शिकायत कर क्षेत्र में नियमित बिजली देने की मांग की है।

### उपखण्ड स्तरीय जनसुनवाई आज

**बांसवाडा** । आमजन की परिवेदनाओं, समस्याओं की सुनवाई एवं त्वरित समाधान के लिए आज गुरुवार को जिले के समस्त उपखण्ड स्तर पर उपखण्ड स्तरीय जनसुनवाई का आयोजन किया जाएगा। जिला कलेक्टर प्रकाशचन्द्र शर्मा ने मुख्य सचिव के निर्देशों की अनुपालना में होने वाली उपखण्ड स्तरीय जनसुनवाई में समस्त उपखण्ड स्तरीय अधिकारियों, कर्मचारियों को अपने-अपने उपखण्ड स्तरीय जनसुनवाई में उपस्थित रहने के निर्देश दिये हैं।

### गुरू पूर्णिमा पर्व मनाया

**उदयपुर**। गुरु पूर्णिमा के पावन पर्व पर अनुष्का ग्रुप द्वारा बुधवार को गुरू पूर्णिमा पर्व मनाया गया। संस्थान के छात्र खुशबू, दीपक, यश, लक्षित, चेष्ठा, गरिमा, सुमन, कोमल ने गुरु के चरण स्पर्श करके विचार व्यक्त करते हुए कहा कि दुनियां में आने के बाद जो सही मार्ग पर चलना, जीवन को सही मायने में जीना सिखाता है।

## विकास कार्यों में गुणवत्ता का रखें ख्याल : कलक्टर

**उदयपुर** । नगर विकास प्रन्यास के अध्यक्ष और जिला कलक्टर ताराचंद मीणा ने कहा है कि नगर विकास प्रन्यास के तहत होने वाले विकास कार्यों में गुणवत्ता का पूरा-पूरा ध्यान रखा जाए ताकि राज्य सरकार के निर्देशानुसार विकास कार्यों का फायदा आमजनता को मिल सके।

कलक्टर मीणा बुधवार को नगर विकास प्रन्यास की सामान्य बैठक की अध्यक्षता करते हुए न्यास सदस्यों व अधिकारियों को संबोधित कर रहे थे।

इस दौरान उन्होंने न्यास के माध्यम से होने वाले विभिन्न विकास कार्यों के बारे में विभिन्न 52 बिंदुओं पर विस्तार से चर्चा की और महत्वपूर्ण निर्देश दिए। उन्होंने एक-एक विकास कार्य पर तसल्ली से प्रन्यास व विभागीय अधिकारियों से तथ्यात्मक जानकारी ली और इससे समग्र लोकहित की पुष्टि होने पर उनको स्वीकृति दी। बैठक में कलक्टर मीणा का पूरा फोकस विकास कार्यों की गुणवत्ता पर रहा वहीं उन्होंने कहा कि हमारी बनाई सडक पर व्हाइट लाइन 15 दिनों से ज्यादा क्यों न दिखती ? उन्होंने नेशनल हाईवे की क्वालिटी की व्हाईट लाइन करवाने के निर्देश दिए। इस दौरान खेल गाँव में एक और हॉकी एस्ट्रोटर्फ बनाने पर भी चर्चा हुई। कलक्टर ने खेलगांव की पहाडियों पर जल्द से जल्द पौधरोपण करवाने के निर्देश दिए और कहा कि मानसून के दौरान ही चंडीगढ की तरह स्थानीय प्रजातियों के फूलदार पौधे लगाए जावें। कलक्टर ने रानी रोड को हेवी ट्रैफिक से मुक्त कराने की योजना बनाने के लिए परिवहन अधिकारी को निर्देश दिए। इसके साथ ही सूचना केन्द्र के ऑडिटोरियम और पुस्तकालय के जीर्णोद्धार तथा शहर में महान विभूतियों की प्रतिमाओं के क्षतिग्रस्त पेडस्टल में सुधार के लिए भी निर्देश दिए गए। न्यास सचिव बालमुकुन्द असावा ने बताया कि बैठक में विचार विमर्श उपरांत प्रन्यास के विभिन्न क्षेत्रों में घर-घर कचरा संग्रहण, न्यास रूपान्तरित आवासीय कॉलोनियों की सडकों व नालियों की सफाई एवं न्यास क्षेत्राधिकार के मुख्य मार्गो तथा बरसाती नालों की सफाई का कार्य नियमित रूप से नगर निगम, उदयपुर के माध्यम से करवाये जाने हेतु एम.ओ.यू. निष्पादित किया ।

## युवक से मारपीट के मामले में कांस्टेबल सस्पेंड

**उदयपुर** । जिला पुलिस अधीक्षक विकास कुमार ने शहर के गारियावास निवासी युवक के साथ मारपीट करने के मामले में एक कांस्टेबल को सस्पेंड कर साथी तीन पुलिसकर्मियों को लाईन हाजिर किया है।

प्रकरण के अनुसार गत दिनों शहर के हिरणमगरी थाना क्षेत्र गायरियावास निवासी पुष्कर बुनकर को शराब के नशे में देख पड़ोसी कांस्टेबल सूरजपोल थाने में तैनात ओमप्रकाश ने उसे चले जाने को कहा था। इस दौरान पीछा किया तो वह भाग गया। कुछ ही देर में हिरणमगरी पुलिस थाने से जाप्ता मंगवा कर घर मं घुस कर मारपीट कर पुष्कर को थाने ले गए। जहां कांस्टेबल ओमप्रकाश व अन्य पुलिस कर्मियों ने मारपीट कर उसे शांति भंग करने के आरोप में गिरफ्तार किया था। इस मामले में परिजनों ने जिला पुलिस अधीक्षक को परिवाद देकर कार्यवाही की मांग की थी। इस मामले में जिला पुलिस अधीक्षक विकास कुमार ने कांस्टेबल ओमप्रकाश को सस्पेंड कर साथी तीन पुलिसकर्मियों को लाईन हाजिर करने के आदेश जारी किए।

## नगर निगम की टीम ने अतिक्रमण हटाए



उदयपुर में नगर निगम ने उदियापोल क्षेत्र से अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की।

**उदयपुर**। बुधवार को नगर निगम अतिक्रमण निरोधक शाखा द्वारा उदियापोल पर किए गए अतिक्रमण को हटवा कर वहां की व्यवस्था सुचारू की गई। नगर निगम उप महापौर एवं स्वास्थ्य समिति अध्यक्ष पारस सिंघवी ने बताया कि बुधवार को उदियापोल स्थित केंद्रीय बस स्टैंड के समीप कुछ परिवारों द्वारा वहां पर अस्थाई टेंट व झोपडीया बनाकर अतिक्रमण किया गया था उसको निगम ने पहले हटवाया लेकिन कुछ समय पश्चात अतिक्रमियों द्वारा फिर से वहा टेंट लगाकर अतिक्रमण कर दिया गया। किए गए अतिक्रमण के कारण वहां की व्यवस्था प्रभावित हो रही थी, जिस पर संज्ञान लेते हुए अतिक्रमण निरोधक शाखा द्वारा किए गए जेसीबी आदि से कार्यवाही करते हुए अतिक्रमण को हटाया गया।

- **उदियापोल स्थित केंद्रीय बस स्टैंड पर कुछ परिवारों ने अतिक्रमण कर रखा था**

## ईच्छापूर्ण बालाजी की महाआरती की

**निम्बाहेड़ा** । भारतीय जनता युवा मोर्चा के नव नियुक्ति नगर अध्यक्ष कपिल चौधरी ने मंगलवार को रेल्वे फाटक के समीप स्थित श्री ईच्छापूर्ण बालाजी मंदिर पर आयोजित महाआरती में भाग लिया। इस दौरान श्री बजरंग व्यामशाला विश्राम सेवा समिति द्वारा नवनियुक्त भाजयुमो नगर अध्यक्ष कपिल चौधरी का भव्य स्वागत किया गया। इस अवसर पर व्यायामशाला के शंभू सिंह पंवार, दिनेश माली, अशोक बाबेल, अभय कुमार सिसोदिया, पार्षद जगदीश माली, महिपाल सिंह, अभिषेक शर्मा, राकेश कुमावत, हितेश जोशी, पंकज पंडित, गोविंद सोनी, राहुल सोनी, प्रतिक जैन, मुकेश धोबी, लक्ष्मीनारायण माली एवं नरेंद्र लखारा आदि मौजूद रहे।

गुरु पूर्णिमा के पावन पर्व पर अनुष्का ठ्रुप द्वारा आज गुरू पूर्णिमा पर्व मनाया गया, संस्थान के सभी सदस्यों एवं छात्रो ने इस पर्व को बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया साथ ही संस्थान के छात्र खुशबू, दीपक, यश, लक्षित, चेष्ठा, गरिमा, सुमन, कोमल ने गुरु के चरण स्पर्श करके उनके बारें में अपने विचार व्यक्त करते हुए बताया की दुनियां में आने के बाद जो सही मार्ग पर चलना, जीवन को सही मायने में जीना सिखाता है, जीवन जीने का उद्देशय, परमात्मा और इस दुनिया का ज्ञान बताता है वही गुरु होता है। अनुष्का ठ्रुप के संस्थापक डॉ एस एस सुराणा ने सभी विद्यार्थियों को बताया की गुरु के बिना एक विद्यार्थी अपने जीवन के सही पथ पर नही चल सकता एवं सही राह दिखाने के लिए एक विद्यार्थी को गुरु की जरुरत रहती है । साथ ही आज संस्थान पर -2021 परीक्षा में -312 प्राप्त करने वाले उदयपुर के चिराग मेहता ने विद्यार्थीयों को सफलता प्राप्त करने के रोचक तथ्य बताएं। इस कार्यक्रम में संस्थान के सचिव राजीव सुराणा ने सभी को गुरुपूर्णिमा पर्व की शुभकामनाएं प्रेषित किया।

## प्रो. महिमा बिड़ला की दो पुस्तक प्रकाशित

**उदयपुर,** । पेसिफिक विश्वविद्यालय के प्रबन्ध संकाय कि डीन, प्रो. महिमा बिड़ला के दो कॉपीराईट प्रकाशित हुए है। डा. बिड़ला ने कॉपीराईट प्रकाशन वर्ष 2022 में प्रकाशित किए गये, जो कि प्रबन्धन विषय में कैटरिंग एण्ड फुड मैनेजमेन्ट सोल्युशन एवं ज्वैलरी प्रोडेक्शन प्रोसेस इंप्रुवमेंट टेक्निक्स पर प्रकाशित किए गए है। डॉ. बिड़ला ने प्रबन्धन विषयों में नवाचार प्रदर्शित करते हुए देश के अन्य सहभागी के साथ मिलकर संयुक्त रूप से यह दो कॉपीराईट इस वर्ष प्रकाशित किए है। यह कॉपीराईट इंटेलेच्कुअल प्रॉपर्टी इंडिया, ऑफिस ऑफ द कंट्रोलर, ऑफिस ऑफ कॉपीराइट भारत सरकार द्वारा मान्य एवं प्रकाशित किए गए हैं। यहाँ माइक्रो कैसलेट्स मैनेजमेन्ट शिक्षा के क्षेत्र में अत्यन्त उपयोगी पेडागॉजिकल टूल है जो विद्यार्थियों को संबंधित उद्योगों के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान करते हैं।

## प्रशासन शहरों के संग अभियान कल से

**उदयपुर** । जिला कलक्टर ताराचंद मीणा ने कहा है कि हर पार्षद आम जनता से सीधा जुडा होता है और प्रशासन शहरों के संग अभियान आम जनता की समस्याओं के निस्तारण के लिए ही आयोजित हो रहा है, ऐसे में अभियान की सफलता पार्षदों के सहयोग से ही होगी।

कलक्टर मीणा राज्य सरकार के निर्देशानुसार शहरवासियों की समस्याओं के समाधान के लिए जिले में आगामी 15 जुलाई से आयोजित होने वाले प्रशासन शहरों के संग अभियान के तहत बुधवार को नगर निगम उदयपुर के पार्षदों की बैठक को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि प्रत्येक वार्ड में आयोजित होने वाले शिविर में अधिकाधिक लोग अपनी समस्याओं को निस्तारित करावें और इसका लाभ लें। उन्होंने बताया कि इन शिविरों में होने वाले कार्यों की जानकारी आमजन तक पहुंचे ताकि वे इसका लाभ उठा सकें। कलक्टर ने कहा कि अभियान की सफल क्रियान्विति के लिए मंत्रालयिक कर्मचारियों का विशेष प्रशिक्षण गुरुवार को ही आयोजित किया जाएगा।

बैठक दौरान नगर निगम महापौर जीएस टांक ने समस्त पार्षदों को अभियान के तहत होने वाली गतिविधियों का लाभ उठाने का आ ान किया। उप महापौर पारस सिंघवी ने राज्य सरकार की मंशा अनुरूप अभियान का लाभ दिलाने के लिए मंत्रालयिक वर्ग को विशेष प्रशिक्षण देने की बात कही और कहा कि अभियान में अधिकाधिक पट्टे वितरित किए जावें। बैठक में अभियान के लिए नियुक्त पर्यवेक्षक आरपी शर्मा ने कहा कि सरकार की मंशाओं के अनुरूप अभियान की गतिविधियों से अधिकाधिक लोगों को लाभ दिया जाएगा। उन्होंने हर व्यक्ति को इसमें सकारात्मक सहयोग का आव्हान किया।

## आवेदन की तिथि 15 अगस्त तक बढ़ाई

**उदयपुर**। अल्पसंख्यक मामलात विभाग द्वारा सत्र 2022-23 में अल्पसंख्यक समुदाय के व्यवसायिक एवं शैक्षणिक ऋण हेतु ऑफलाईन आवेदन आमंत्रण की तिथि 15 अगस्त तक बढाई गई है।

जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी खुशबू शर्मा ने बताया कि व्यवसायिक ऋण के अन्तर्गत राजस्थान अल्पसंख्यक वित्त एवं विकास सहकारी निगम लिमिटेड, जयपुर के दिशा-निर्देश एवं नियमानुसार 18 से 54 वर्ष की आयु के अल्पसंख्यक समुदायजनों को ऋण वितरित किये जायेगें। इसमें निर्धारित कलस्टर से सम्बन्धित आवेदन जिसमें परम्परागत एवं वंशानुगत आर्टिजन बुनकर, राष्ट्रीय, राज्य, जिला पर पुरस्कृत हस्तशिल्पी समाज के सबसे वंचित तबके के उद्यमी एवं स्टार्टअप उद्यमी एवं महिलाओं को वरीयता दी जायेगी।


प्रारूप-10 ( नियम-6( 7 )देखिए )

**कार्यालय प्राधिकृत अधिकारी एवं आयुक्त नगरपालिका, नाथद्वारा**

सं. /न.पा.नाथ/90क/22/13732 **लोक सूचना** दिनांक: 12.7.2022

श्री चाहत सामोता पिता श्री विकास सामोता, श्रीमति प्रज्ञा कोठारी, प्रियंका, रेखा पिता इश्वर सिंह सामोता निवासी नाथद्वारा ने इस कार्यालय में नीचे उल्लिखित भूमि का गैर-कृषिक प्रयोजन के उपयोग हेतु ऐसी भूमि के अपने अभिधृति अधिकारों के निर्वापन के लिए आवेदन प्रस्तुत किया है, अर्थात-

| जिले सहित तहसील का नाम | ग्राम का नाम | खसरा संख्या | क्षेत्र |
|---|---|---|---|
| नाथद्वारा जिला-राजसमन्द | नाथद्वारा | 4220/1684 | 0.1620 हैक्टेयर अर्थात 1620 मीटर में से 1229.66 मीटर |

इसलिए इसके द्वारा समस्त संबंधित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि यदि किसी व्यक्ति को राजस्थान भू-राजस्व अधिनियम 1956 की धारा 90-क और राजस्थान अभिधृति अधिनियम 1955 की धारा 63 के अधीन पूर्वोक्त प्रयोजनों के लिए भूमि के उपयोग हेतु अनुज्ञा प्रदान करने और अभिधृति अधिकारों के निर्वापन पर कोई आक्षेप है तो वह इस नोटिस के प्रकाशन के 7 दिन के भीतर-भीतर किसी भी कार्य दिवस पर कार्यालय समय के दौरान अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष समर्थक दस्तावेजों के साथ अपने आक्षेप प्रस्तुत कर सकेगा।उपर्युक्त नियत समय के भीतर-भीतर किसी आक्षेप के अभाव में यह समझा जावेगा कि किसी को आक्षेप नहीं है और तदनुसार मामले का निपटारा किया जायेगा। यह सूचना मेरे हस्ताक्षर और मुहर के अधीन आज दिनांक ........... को जारी की गयी।

प्राधिकृत अधिकारी एवं आयुक्त , नगरपालिका, नाथद्वारा



भारतीय स्टेट बैंक State Bank of India हर भारतीय का बैंक THE BANKER TO EVERY INDIAN

**भारतीय स्टेट बैंक**
**शाखा – सदर बाजार, जिला-राजसमंद, (राज.)**

**आधिपत्य नोटिस** परिशिष्ट-IV नियम 8(I) देखें

जबकि, अधोहस्ताक्षरकर्ता, **भारतीय स्टेट बैंक** का प्राधिकृत अधिकारी होते हुए वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्गठन और प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम 2002 की धारा 13(12) **और प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 का सपठित नियम 3** के तहत् प्रदत्त शक्तियों के अनुप्रयोग में (ऋणी/जमानती/बंधककर्ता) **श्रीमान रमेश चंद पालीवाल पुत्र श्रीमान पृथ्वीराज पालीवाल एवं श्रीमती दुर्गा पालीवाल पत्नी श्रीमान रमेश चंद पालीवाल एवं श्रीमान राम चंद पालीवाल पुत्र श्रीमान प्रभु लाल पालीवाल (जमानती)** को मांगनी करते हुए, मांग सूचना पत्र दिनांकित **03/02/2022 रूपयें 10,16,518/- (अक्षरे रुपयें दस लाख सोलह हजार पांच सौ अठारह मात्र) दिनांक 01/02/2022** तक व आगे का ब्याज एवं आकस्मिक खर्चे, लागत पूर्ण भुगतान तक लागू सूचना-पत्र में उल्लेखित राशि को 60 दिनों के भीतर उक्त सूचना-पत्र की दिनांक/प्राप्ति दिनांक से लौटाने के लिये निर्गमित किया। ऋणग्रहिता (ऋणी/जमानती/बंधककर्ता) के वह राशि लौटाने में विफल होने पर, ऋणग्रहिता को एतद् द्वारा सूचना-पत्र दिया जाता है कि अधोहस्ताक्षरकर्ता ने प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 की धारा 8 के साथ पठित अधिनियम की धारा 13 की उपधारा (4) के अन्तर्गत उसको प्रदत्त शक्तियों के अनुप्रयोग में, एतस्मिन नीचे वर्णित सम्पत्ति का आधिपत्य **दिनांक 08 माह जुलाई वर्ष 2022** को ग्रहण कर लिया हैं। "प्रतिभूत आस्तियों के मोचन के लिये उपलब्ध समय के संदर्भ में ऋणी का ध्यान अधिनियम की धारा 13 की उपधारा (8) के उपबंधो की ओर आकृष्ट किया जाता हैं।" ऋणग्रहिता (ऋणी/जमानती/बंधककर्ता) को विशिष्टतया और सर्वसाधारण को सामान्यतया एतद् द्वारा संपति के साथ व्यवहार नहीं करने की चेतावनी दी जाती है और संपति के साथ कोई व्यवहार **रुपये 10,16,518/- दिनांक 01.02.2022** तक की राशि व उस पर ब्याज व खर्चो के पूर्ण भुगतान तक के लिये भारतीय स्टेट बैंक के प्रभार के अध्यधीन होगा।

*स्थावर सम्पत्ति का विवरण*

**श्रीमान रमेश चंद पालीवाल पुत्र श्रीमान पृथ्वी राज पालीवाल** की सम्पत्ति जिसमें भूमि, भवन ढांचा आदि जो सभी सम्पत्ति के अभिन्न अंग है। ओर जो कि **प्लॉट संख्या 2, गणेश नगर, जावद, तहसील-राजसमंद, जिला-राजसमंद, राजस्थान** पर स्थित है। **जिसकी माप लगभग 1382.25 वर्ग फीट है।**

| चतुः सीमाऐं: | | |
|---|---|---|
| | पूर्व में : पब्लिक वे | पश्चिम में : खुली भूमि |
| | उत्तर में : प्लाट संख्या 01 | दक्षिण में : प्लाट संख्या 03 |

दिनांक : 08/07/2022
स्थान : जावद राजसमंद (राज.)

प्राधिकृत अधिकारी
भारतीय स्टेट बैंक


## जनसुनवाई शिविर आज

**उदयपुर,** । राज्य सरकार की ओर से जनभावना के अनुरूप पारदर्शी एवं संवेदनशील वातावरण में आमजन की परिवेदनाओं व समस्याओं की सुनवाई एवं त्वरित समाधान कर उन्हें राहत प्रदान करने के लिए त्रिस्तरीय व्यवस्था की अनुपालना में प्रत्येक माह के दूसरे गुरुवार को आयोजित होने वाले जन सुनवाई शिविरों के लिए जिला कलक्टर ताराचंद मीणा ने निर्देश जारी किए हैं।

कलक्टर मीणा ने बताया कि राज्य सरकार के निर्देशानुसार उदयपुर जिले में 14 जुलाई को सभी उपखंड मुख्यालय के पंचायत समिति कार्यालय परिसर में सुबह 11 बजे से उपखंड स्तरीय जनसुनवाई शिविरों का आयोजन किया जायेगा। इन शिविरों में उपखंड व ब्लॉक स्तरीय विभागीय अधिकारियों की मौजूदगी में आम जनता की व्यक्तिगत और सामुदायिक समस्याओं को सुना जाएगा और उनके निवारण किया जाएगा। कलक्टर ताराचंद मीणा ने सभी उपखण्ड स्तरीय अधिकारियों को जनसुनवाई कार्यक्रम आयोजित करते हुए अधिक से अधिक लोगों को राहत प्रदान करने के निर्देश दिए है। उन्होंने कहा है कि इस जनसुनवाई के बारे में आमजन को जागरूक किया जायेगा।

## राजस्थान विद्यापीठ में गुरु पूर्णिमा पर्व मनाया



उदयपुर में गुरू पुर्णिमा के पावन पर्व पर लोकमान्य तिलक प्रशिक्षण महाविद्यालय की ओर से गुरू सम्मान समारोह को प्रो एस.एस. सारंगदेवोत ने सम्बोधित किया।

**उदयपुर** । गुरू पुर्णिमा के पावन पर्व पर जनार्दनराय नागर राजस्थान विद्यापीठ डीम्ड टू बी विश्वविद्यालय के संघटक लोकमान्य तिलक प्रशिक्षण महाविद्यालय की ओर से आयोजित गुरू सम्मान समारोह की अध्यक्षता करते हुए कुलपति प्रो. एस.एस. सारंगदेवोत ने कहा कि गुरू के प्रति नतमस्तक होकर कृतज्ञता व्यक्त करने का दिन है गुरू पुर्णिमा। गुरू के लिए पूर्णिमा से बढकर और कोई तिथि नहीं हो सकती। समारोह में कुलपति प्रो. एस.एस. सारंगदेवोत, कुल प्रमुख भवर लाल गुर्जर, कामांडिंग आफिसर इन्द्र कुमार घोशाल, प्राचार्य प्रो. सरोज गर्ग, डॉ. पारस जैन, डॉ. रचना राठौड, डॉ. भवानी पाल सिंह राठौड, डॉ. अमी राठौड सहित सभी गुरूओं का उपरणा, माला, पगडी पहना कर सम्मान किया गया। कुलपति सचिवालय में देर शाम तक विद्यापीठ के सभी संघटक विभागों के कार्यकर्ता, शहर के गणमान्य व्यक्तियों ने कुलपति प्रो. एस.एस. सारंगदेवोत का उपरणा, माला , श्रीफल देकर सम्मान किया गया। इस अवसर पर रजिस्ट्रार डॉ. हेमशंकर दाधीच, प्रो. मंजू मांडोत आदि मौजूद थे।

## उदयपुर में बोट टीम की चयन प्रक्रिया शुरू

**उदयपुर,** (निस)। फतहसागर झील पर होने वाली ड्रैगन बोट भारतीय टीम चयन की प्रक्रिया बुधवार को शुरू हुआ। यह चयन प्रक्रिया दो सत्रों में आयोजित होगा। इसके तहत गुरूवार को भी चयन प्रक्रिया के लिए प्रतिभागियों के बीच स्पर्धाएं होगी। खिलाड़ियों को पानी में ड्रेगन बोट चयन प्रक्रिया एवं शारीरिक सक्षमता के विविध परीक्षणों से गुजरना होगा। सभी परीक्षण फतहसागर झील एवं लवकुश स्टेडियम में होंगे।

बुधवार को उद्घाटन समारोह में उपस्थित संभागीय आयुक्त राजेन्द्र भट्ट ने झील संरक्षण एवं झील स्वच्छता की शपथ दिलाई। उन्होंने कहा कि एक माह का जिला स्तरीय मेवाड़ बोट फेस्टीवल पर्यटन को बढ़ाने में सहयोग करेगा।

मुख्या अतिथि विधायक प्रीति गजेंद्र सिंह शक्तावत ने बाहर से आए खिलाड़ियों से चर्चा की व उदयपुर में कयाकिंग खेल के विकास की संभावनाओं के बारे जाना। उन्होंने कहा कि हमारा सौभाग्य है कि उदयपुर को इतनी खूबसूरत झील प्रकृति से ही उपहार स्वरूप मिली है जहाँ अंतराष्ट्रीय स्तर की स्पर्धाएं भी आयोजित की जा सकती है ।


**कार्यालय मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी, बडीसादडी, जिला चितौड़गढ़**

क्रमांक :-मुब्लाशिअ/बसा/लेखा/निविदा/2022-23/232 दिनांक: 12.07.2022

**निविदा सूचना**

इस कार्यालय द्वारा वर्ष 2022-23 हेतु निम्नलिखित कार्य के लिए मोहरबन्द निविदाएं आमंत्रित की जाती है। निविदाऐ नीचे अंकित दिनांक एवं समय तक प्राप्त की जाकर नियत तिथि को अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष निविदादाताओं या उनके प्रतिनिधि जो उपस्थित रहेंगे के समक्ष खोली जावेगी।

| क्र. सं. | कार्य का नाम | कार्य की अनुमानित लागत( राशि लाखों में ) | धरोहर राशि | निविदा शुल्क | निविदा प्राप्त होने का दिनांक व समय | निविदा खोलने का दिनांक व समय |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | कार्यालय के राजकीय कार्यो हेतु कार (बन्द बॉडी टेक्सी परमिट) किराये पर लेने हेतु। मॉडल 2018 से पुराना नहीं होगा। | रू. 2.51 | रू. 5000 | रू. 200 | 20.07.2022/ 1.00 पी.एम. | 20.07.2022 /2.00 पी.एम. |

निविदा से संबंधित शर्ते स्थानीय कार्यालय में कार्यालय समय में देखी जा सकती है। निविदा से संबंधित अन्य अनिवार्य शर्ते लागू होगी। निविदा आवेदन पत्र स्थानीय कार्यालय से निविदा शुल्क जमा करा कर प्राप्त कर सकते है। निविदा sppp.rajasthan.gov.in पर भी देखी जा सकती है।

Rse-2223 A0729

मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी
बड़ीसादड़ी, जिला चित्तौड़गढ़